एक नजर में

## महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई

**मनावर ।** नगर मे आरध्य गुरु महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम मे भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार मनावर नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनू पाटीदार जिला अंत्योदय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश तोमर ,पार्षद लोकेश मुकाती,पूर्व पार्षद सीताराम सोलंकी, संघ प्रमुख गोविंद सोनी, निखिल साधो, पवन पाटीदार, आशीष गंगवाल, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रदीप सोनी, यशवंत ब?वाया, कांतिलाल सोलंकी, विक्रम सोलंकी, संदीप जाजमे, विश्व दीप मिश्रा,सुखदेव राठौर, संतोष बागेश्वर, राजा पाठक,, उपस्थित रहे। चौधरी अनिल तोमर ने बताया की वाल्मीकि जी न केवल आदिकवि के रूप में हमारे साहित्य और संस्कृति के महान स्तंभ हैं, बल्कि उन्होंने हमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराया। उनकी रचना रामायण आज भी मानवता, सत्य, धर्म और न्याय की अनुपम प्रेरणा का स्रोत है। वाल्मीकि जयंती हमें न केवल उत्सव का अवसर देती है, बल्कि यह आत्ममंथन और समाज के उत्थान का मार्ग भी दिखाती है। इसी उपलक्ष्य में जाहरवीर गोगा देव मंदिर परिषर में श्री महर्षि वाल्मीकि जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की जिसमें समाज के सभी वरिष्ठ जन एवं मनावर शहर के भाजपा कांग्रेस के अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर ओम प्रकाश घारू, दिनेश तोमर, अनिल रेवाल, कुंदन फथरोड, सुदेश घारू, अजय घारू, दीपक घारू, हर्ष रेवाल, तरुण घारू, यश तोमर, अमन फथरोड, सौरभ घारू, कालू तोमर, दमन घारू, विक्की तोमर, निलेश तोमर, धर्मेन्द्र गोसर, चंदन आदिवाल, बंटी ऊंटवाल, विशाल चौहान, नीरज गर्ग, मुकेश बागेश्वर आदि समाज जन उपस्थित थे।

## नुक्कड नाटक का हुआ आयोजन



**लाबरिया-** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के आदेश अनुसार सघन जन जागरूकता अभियान अंतर्गत नुक्कड नाटक दल द्वारा आज बुधवार को लाबरिया ( राजोद ) बस स्टैंड पर नुक्कड़ नाटक टीम के माध्यम से लोगों को एड्स , व शिफिलिस से बचाव व यह कैसे कब और कहा से फैलता है ( संक्रमण होता है ) पर चार कारण भी बताए ...1.संक्रमित सुई से 2. संक्रमित खुन से 3. असुरक्षित संबंध से 4. संक्रमित माता से गर्भस्थ शिशु कों. फैलता है की जानकारी बताई गई । जिसमें दल के साथ सरोज शर्मा,ए एन. एम. राधा बैरागी आशा, सरपंच प्रतनिधि रमेश ओसारी उप सरपंच नारायण भट्ट सेक्टर सुपरवाइजर रमेश भूरिया व सिविल अस्पताल सरदारपुर से पप्पू डोडवे आई सी टी सी काउंसलर और सुरेश जर्मन उपस्थित रहे।

## शरद पूर्णिमा पर गरबा करने वाली सभी बालिकाओं को दिया पुरस्कार



**नागदा ( धार )** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर परिसर में गरबा करने वाली सभी बालिकाओं को कानवन थाना प्रभारी अभय नेमा , बालकृष्ण मिश्रा ,नवीनराठौड़ द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया ।इस अवसर पर बाबा रामदेव युवा संगठन के संरक्षक विजेंद्र बना, मांगीलाल जी राठौर ,अध्यक्ष सुंदर जी दगदी,सचिव भावना देवड़ा ओर समस्त सदस्य कैलाश जी डियारसा, ईश्वर चौहान, महेंद्र जी जोशी, रितेश दगदी, चिराग सोलंकी,सूरज परिहार, कपिल परिहार,? पंडित ,रखभचंद देवड़ा ,अजय दगदी, उपस्थित रहे ।उक्त जानकारी जगदीश भाटी ने दी।

## नौ पार्किंग में खड़ी 5 बसें जब्त

इंदौर . शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ की संयुक्त कार्रवाई में सयाजी होटल के पीछे मुक्तिधाम रोड पर खड़ी 5 अवैध बसों को जब्त किया . एसीपी ट्रैफिक मनोज कुमार खत्री और आरटीओ प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में क्रेन और पुलिस अमला भी शामिल रहा . पहले इन बस संचालकों पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाकर चेतावनी दी गई थी, लेकिन बसें दोबारा उसी स्थान पर खड़ी मिलीं, जिसके बाद सख्त कदम उठाते हुए जब्ती की कार्रवाई की गई . यह इलाका रिहायशी होने के कारण यातायात में बार-बार बाधा उत्पन्न हो रही थी . एसीपी खत्री ने बताया कि नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर अब नियमित कार्रवाई की जाएगी . ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें .

## सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

महू . राज्य सभा सांसद डॉक्टर कविता पाटीदार एवं केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग सावित्री ठाकुर के द्वारा सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी से किया गया . इस आयोजन में विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका 22 कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया . इस आयोजन में बालिका वर्ग में श्री एकेडमी विजेता एवम शासकीय पिगडंबर स्कूल उपविजेता रही . बालक वर्ग में शासकीय कमदपुर विद्यालय विजेता एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय महू उपविजेता रहा . आयोजन में सभी टीम के प्रतिभागियों को दोनों सांसद एवं अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किये गए . कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ . कविता पाटीदार, केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर राऊ विधानसभा के विधायक मधु वर्मा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, अंतर सिंह दरबार, राधेश्याम यादव, मनोज ठाकुर, मुकेश पाटीदार, विनोद जाट, जयश्री पाटीदार, शुभम पाटीदार, गवली पलासिया सरपंच रवि पाटीदार, कोदरिया सरपंच सतीश डावर, जनपद प्रतिनिधि सुनीता लाहौरे, ललिता निनामा एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे . डॉ कविता पाटीदार ने बताया कि मोदीजी के स्लोगन खेलेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया के सपने को साकार करना है . इसी प्रकार सांसद सावित्री ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों की छुपी खेल प्रतिभा को बाहर निकालने के लिए ही यह आयोजन श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे भारत वर्ष में किया जा रहा है । इसमें विभिन्न खेलों के आयोजन सितंबर माह से दिसंबर माह तक आयोजित होंगे . संचालन डॉ . राजेश पाटीदार ने किया . आभार डॉ . हेमलता पाटीदार ने माना .

## भावांतर योजना के अंतर्गत निकाली ट्रैक्टर रैली

महू . विधानसभा महू से पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ो ट्रैक्टर इंदौर रैली में सम्मिलित हुए . महू विधानसभा के गांव-गांव से किसानों का हूजुम इंदौर में उमड़ा जिसमें सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सुश्री ठाकुर ने कहा कि हमारे किसान दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन जब फसल को उचित मूल्य नहीं मिलता, तो उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ता है .





# युवा मोर्चा निष्ठा भाव से कार्य कर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सफल बनाए : भारती

### युवा मोर्चा जिला पदाधिकारियों की बैठक आगामी कार्यक्रमा को लेकर संपन्न

**धार.** भाजपा जिला कार्यालय धार में बुधवार को को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान जिला संयोजक प्रेमचंद परमार सह संयोजक राकेश चौहान अनामिका ठाकुर भाजपा नेता राकेश पटेल देवेंद्र सोनोने कपिल निनामा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित भावसार और कपिल यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में युवा मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से जिला स्तरीय युवा सम्मेलन एवं जिले के सभी मंडलों में सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता पंच निष्ठा के भाव से कार्य कर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सफल बनाएं। युवा मोर्चा का कार्यकर्ता आदर्श भाजपा का निर्माण करता है युवा मोर्चा के पदाधिकारी भाजपा विचार के लिए कार्य करते हुए आने वाले समय में वह भाजपा का पदाधिकारी बनता है।

बैठक में युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक का संचालन जिला मंत्री जसप्रीत डंग ने व आभार नवदीप सिंह चौहान ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# पुलिस की सक्रियता से पकड़े आरोपी, नगर में आरोपियों का जुलूस, फरारों में दहशत का माहौल

**सरदारपुर । दसाई ग्राम कपास्थल में पुलिस पर हमला करने वाले 9 लोगों को दसई चौकी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में बाकी आरोपी अब भी फरार हैं। जिनकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही हैं। वही गिरफ्तार आरोपियों का दसाई में पुलिस द्वारा जुलूस भी निकाला।**



दरअसल पुलिस चौकी दसई पर पदस्थ प्रधान आरक्षक भारत बामनिया, प्रधान आरक्षक मन्नुसिह और आरक्षक रमेश भोसले 2 पक्षो में विवाद की सूचना पर 2 अक्टूबर की रात्रि में ग्राम कपास्थल पहुंचे थे। यहां तीनो पुलिस जवानों के साथ आरोपियो ने जमकर मारपीट करते हुए उन्हें घायल कर दिया था। मामले में पुलिस ने 19 नामजद सहित 8 से 10 अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज किया था।

दसई चौकी प्रभारी जगदीशचंद्र निनामा ने बताया कि धार एसपी मयंक अवस्थी के निर्देश पर तथा एएसपी पारुल बेलापुरकर व विजय डावर तथा एसडीओपी विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन में व अमझेरा थाना प्रभारी राजू मकवाना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पुलिस जवानों पर हमला करने वाले आरोपी गंगाराम पिता सुखराम, मदन पिता काशीराम, प्रकाश पिता शोभाराम, राधेश्याम पिता शोभाराम, सुभाष पिता कैलाश, सोहन पिता अमरसिंह, कैलाश पिता शोभाराम, हरेसिंह पिता नन्दराम सभी निवासी ग्राम कपास्थल बयड़ा तथा मुन्नालाल पिता अम्बाराम निवासी ग्राम अकोदा थाना तिरला को गिरफ्तार किया गया है।

## जय ओम कार आदिवासी भिलाला समाज संगठन का 12 वाँ प्रांतीय वार्षिक सम्मेलन 11 अक्टूबर को धार में

**मनावर।** जय कार आदिवासी भिलाला समाज संगठन म.प्र. (प्रकृति - संस्कृति संरक्षक, प्रगतिशील समाज) का 12वाँ प्रांतीय वार्षिक सम्मेलन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 11 अक्टूबर 2025, शनिवार समय- प्रातः 9-00 बजे से किला मैदान, घोड़ा चौपाटी, धार में आयोजित किया गया है। जिसमें आदिवासी भिलाला समाज का समागम कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर सांस्कृतिक महारैली, विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन, प्रतिभाशाली छात्र / छात्राओं का सम्मान, जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्टजनों का सम्मान, जिला कार्यकारिणी के सदस्यों का परिचय एवं प्रतिवेदन का वाचन, समाज सुधार/विकास हेतु अनुशंसाओं का वाचन एवं अनुमोदन, नवनियुक्त चयनित अधिकारियों का सम्मान (*UPSC/MPPSC*), मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का उद्बोधन एवं मार्गदर्शन होगा। कार्यक्रम में अन्य आकर्षण - विभिन्न जिलों की जिलेवार प्रदर्शनी, स्वास्थ्य परीक्षण, स्वरोजगार हेतु पंजीयन, खेलकुद प्रतियोगिता - कबड्डी, खो-खो, दौड़ एवं तीरंदाजी, पारम्परिक वाद्य यंत्रों पर नृत्य एवं गायन, छोटे बच्चों के लिए आकाश झुला की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में भोजन की व्यवस्था रहेगी। उक्त जानकारी जय ओमकार आदिवासी भिलाला समाज संगठन म.प्र. विरेन्द्र सिंह इस्के जिलाध्यक्ष, धार ने दी। आयोजक एस. एस. गवली, प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष जितेन्द्र मण्डलोई, बी.एस. जामोद (ड्रुस) प्रांतीय महासचिव, ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।



## शासकीय बालक स्कूल में अभाविप का गठन

**कुक्षी।** अभाविप की कार्यकारिणी का गठन शासकीय सांदीपनि बालक विद्यालय में हुआ.जिसमें अध्यक्ष सुमित सोलंकी,उपाध्यक्ष ललित मुजाल्दा,सचिन तोमर संतोष बामनिया, तथा विष्णु रावत बने तथा मंत्री कुलदीप सेन,सह मंत्री बंटी चौहान, शुभम अलावा , रचित बघेल, राहुल असालिया , विद्यालय प्रमुख , धीरेन्द्र सोलंकी, सह प्रमुख युवराज चौहान , कला मंच प्रमुख अर्चित गुप्ता ,खेलो भारत प्रमुख सुनील अनारे,एसएफएस प्रवीण सोलंकी एसफडी प्रमुख रामकृष्ण डावर , कक्षा मंत्री अश्विन आर्य को दायित्व सौंपा गया। नगर मंत्री प्रवीण चौहान ने बताया कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो सदैव विद्यार्थियों हित के लिए कार्य करता है। इस दौरान नगर सह मंत्री प्रदीप देवकी, सोशल मीडिया प्रमुख राजा राठौड़ एसएफएस प्रमुख शिवम हम्मड , रोहित धनगर, कान्हा माली , सचिन बघेल, यतीश शर्मा आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परिषद सम्मेलन में भ्रष्टाचार की जांच सार्वजनिक करने की मांग

**धार ।** आज धार नगर पालिका में परिषद का साधारण व्यापक सम्मेलन आहूत किया गया जबकि परिषद का सम्मेलन हर तीन माह में आहूत होना चाहिए। किंतु इनके द्वारा उसे 8से 09 माह बाद औपचारिक आहूत किया गया ।और उसमें भी वार्डो के विकास का एक भी मुद्दा नहीं लिया गया नाही नगर पालिका की वित्तीय स्थिति के विषय में और नाही कर्मचारियों के वेतन के विषय में को शामिल किया गया। जिस पर वार्ड 18 एव 03 के कांग्रेस पार्षद नेता प्रतिपक्ष करीम कुरैशी,श्रीमती सारिका अजय सिंह ठाकुर और पार्षद ईश्वर सिंह ठाकुर एव समस्त कांग्रेसी पार्षद गण द्वारा नगर विकास को देखते हुए निम्न बिंदुओं

हुडको जिसमें की न्यायालय में विचाराधीन होकर प्रकरण चलते हुए नगर पालिका के 48 कर्मचारियों प्रस्ताव पारित किया जा चुका है किंतु आज दिनांक तक पालन नहीं किया गया वही बिंदु क्र.02 पीपीपी मॉडल अंतर्गत क्या योजना तैयार की उसे स्पष्ट करे ।

> इसलिए यह सब बिंदु अव्यवहारिक हो कर असंवैधानिक जिस पर पार्षदों ने असहमति व्यक्त कर आपत्ति ली। साथ ही पार्षद ईश्वर सिंह ठाकुर और श्रीमती सारिका अजय सिंह ठाकुर ने विगत माह जो कबाड़ एव अन्य शिकायतें की थी उसका जो जांच दल बनाया गया उसकी जांच को सार्वजनिक करने एव भ्रष्टाचार पर जे.सी. बी.की जांच पर कार्यवाही की भी परिषद के सम्मेलन की मांग की। परिषद की बैठक से अध्यक्ष सहित कुछ श्रद्धष सदस्य बैठक छोड़ भागे हंगामा होने पर वापस आई जिस पर अपना अपमान महसूस करते हुए कांग्रेस पार्षद ईश्वर सिंह ठाकुर,सारिका अजय सिंह ठाकुर ने बैठक छोड़ सीएमओ हाय सीएमओ हाय हाय के नारे लगाते हुए बाहर आकर बहिष्कार किया

मूर्ति स्थापना की बात की जा रही जो कि सीधा सीधा जनता को भ्रम में रखते हुए धार्मिक भावना से खेलने का कार्य है क्योंकि किसी भी महापुरुष की मूर्ति की स्थापना प्रदेश के संस्कृति मंत्रालय की अनुमति से ही संभव है।

वहीं बिंदु क्र 07,08 शारदीय नवरात्रि मेले में हुए व्यय पर स्वीकृति का प्रस्ताव लाया गया है जबकि इस हेतु इन्होने के मेले के पूर्व परिषद सम्मेलन आहूत करना था ।अब इसे परिषद में ला पास करवाना मतलब इनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को परिषद पर थोपना।

बिंदु क्र 15से27 तक में सामग्री क्रय करने की अनुमति मांगी गई जबकि सामग्री क्रय वित्तीय वर्ष शुरू होने के 02 माह पूर्व ली जानी थी.

एक नजर

**श्री अंबिका माता मंदिर पर सुबह पंच कुंडी गायत्री यज्ञ हुआ व अनेक जोड़ों के द्वारा आहुतियां प्रदान की गई**

# 24 तीर्थ का जल एवं रज महाशक्ति ज्योति कलश रथ यात्रा पहुंची जयंती धाम

**सरदारपुर ।** संपूर्ण भारत सहित विश्व भर में शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश शताब्दी समारोह रथ यात्रा गांव गांव पहुंचकर पं श्री रामचंद्रजी शर्मा युग दृष्टा आचार्य के एक नए युग परिवर्तन का अध्यात्मिक संदेश गायत्री परिजनों द्वारा दिया जा रहा है शताब्दी समारोह आयोजन के तहत यहां दसई नगर में ज्योति कलश यात्रा का भव्य अगवानी एवं स्वागत नीम चौक से एक भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर श्री अंबिका माता मंदिर पर प्रातः पंच कुंडी गायत्री यज्ञ हुआ अनेक जोड़ों के द्वारा आहुतियां प्रदान की गई गायत्री परिवार के जिला अध्यक्ष श्री हीरालाल पाटीदार एवं यात्रा प्रभारी श्री विजय सोलंकी के मुखारविंद से उपस्थित हजारों मात्र शक्तियों को संबोधित करते हुए दिव्य ज्योति एवं वंदनीय माताजी की एक साथ शताब्दी समारोह के संबंध में विचार व्यक्त किया यात्रा प्रभारी जीवनलाल पाटीदार ने



बताया कि दसई नगर भ्रमण के पश्चात रथ यात्रा प्रसिद्ध वृक्ष मंदिर श्री उण्डेश्वर महादेव जयंती धाम आगमन हुआ यहां पहुंचने पर मां जयंती धाम सेवा समिति दसई एवं क्षेत्र भर के पर्यावरण प्रेमियों ने रथ की भव्य अगवानी की गई महादेव परिसर क्षेत्र में संस्था के सवा लाख वृक्षारोपण हरियाली लाओ, जल बचाओ रजत जयंती वर्ष के पावन अवसर पर गायत्री परिजनों के साथ सेवा सदस्यों ने बिल्व पत्र पौधे का रोपण किया इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला अध्यक्ष श्री हीरालाल पाटीदार श्री विजय सोलंकी यात्रा प्रभारी जीवन पाटीदार गोपाल पाटीदार कैलाश विश्वकर्मा रामकरण पटेल सुरेश भूत विष्णु पाटील दशरथ पाटीदार ओमप्रकाश पाटीदार दीपक परमार देवेंद्र पाटीदार सत्यनारायण मारू रतनलाल बंजारा प्रकाश सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे